आपदा प्रभावित महिलाओं को निःशुल्क एल0पी0जी0 गैस कनैक्शन का वितरण

दिनांक 09 नवम्बर 2013 को राज्य स्थापना दिवस के सुअवसर पर उत्तराखण्ड महिला एवं बाल विकास समिति के अन्तर्गत् संचालित उत्तराखण्ड महिला समेकित विकास योजना के अन्तर्गत जनपद रूद्रप्रयाग के अगस्तमुनी विकासखण्ड में मा0 मंत्री श्रीमति अम्रृता रावत, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास, उत्तराखण्ड सरकार के कर–कमलों द्वारा क्षेत्र की आपदा प्रभावित महिलाओं को निःशुल्क एल0पी0जी0 गैस कनैक्शन का वितरण मा0 श्री गोविन्द सिंह कुंजवाल जी, अध्यक्ष, उत्तराखण्ड विधानसभा, मा0 सतपाल महाराज जी, सांसद गढ़वाल, मा0 श्री अनसुया प्रसाद मैखुरी जी, डिप्टीस्पीकर, उत्तराखण्ड विधानसभा, एवं मा0 श्रीमति शैलारानी रावत जी, विधायक रूद्रप्रयाग, आदि की गरिमामय उपस्थिति में वितरित किया गया।

राज्य परियोजना अधिकारी सुश्री आरती बलोदी जी द्वारा परियोजना के मुख्य उद्वेश्यों पर प्रकाश डालते हुए अवगत कराया गया कि ग्रामीण गैस कनैक्शन योजना के अन्तर्गत राज्य के 05 जनपदों रूद्रप्रयाग, नैनीताल, पिथौरागढ़, चमोली एवं उत्तरकाशी मे क्रमशः प्रत्येक जनपद में 1200 महिला लाभार्थियों को गैस कनैक्शन वितरित किये जायेंगे। इस प्रकार कुल 6000 गैस कनैक्शन का वितरण इस योजना के अन्तर्गत किया जाना प्रस्तावित है। इनमें से आपदाग्रस्त जनपदों में आपदाग्रस्त परिवारों की महिलाओं को गैस कनैक्शन निःशुल्क वितरित किया जायेगा। इस योजना को उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। आपदाग्रस्त परिवारों की महिला लाभार्थियों का चयन जिलाअधिकारी/उपजिलाधिकारी के कार्यालय द्वारा सुचीबद्व परिवारों से किया जायेगा। जिसमें से योजना के अन्तर्गत प्रात्र महिला लाभार्थियों का चयन करते हुए गैस कनैक्शन का वितरण किया जायेगा। सम्पूर्ण रूद्रप्रयाग जनपद में 647 आपदाग्रस्त परिवारों की महिलाओं को लाभाविन्त किया जायेगा। इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग, उत्तराखण्ड की ओर से राज्य परियोजना अधिकारी सुश्री आरती बलोदी, कार्यक्रम अधिकारी श्री मोहित चौधरी, सी0डी0पी0ओ0 श्रीमति शकुन्तला रावत, श्रीमति कान्ति धनै, एवं उद्यमिता विकास अधिकारी श्री रविन्द्र सिंह मेलवान तथा उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक की ओर से ळमदण् डंदंहमत श्री सुरजभान जी नोडल अधिकारी श्री के0एस0 शर्मा, ब्राँच मैनेजर अगस्त्यमुनी श्री जायसवाल एवं सुश्री मधु मैखुरी आदि उपस्थित रहे।